आईआईएम का जर्नल छपेगा

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची ने प्रतिष्ठित प्रकाशन एमरल्ड पब्लिशिंग, यूके के साथ आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नामक जर्नल शुरू करने का निर्णय लिया है। यह एक द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय जर्नल होगा। इसके पहले अंक का लोकार्पण जनवरी, 2022 में किया जाएगा।

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह जो जर्नल के लिए एडिटर-इन-चीफ होंगे। उन्होंने बताया कि इससे शोध कर रहे छात्रों को लाभ होगा।

संपादकीय बोर्ड में प्रो जगदीश सेठ (अमेरिका के गोइजुएटा बिजनेस स्कूल ऑफ एमोरी यूनिवर्सिटी में मार्केटिंग के चार्ल्स एच केलस्टैट प्रोफेसर), प्रो सुप्रतेक सरकार (आईटी में प्रोफेसर, वर्जीनिया विश्वविद्यालय, अमेरिका), प्रो अमियतोष पुरनादम, (माइकल स्टार्क प्रोफेसर ऑफ फाइनेंस, रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस, मिशिगन विश्वविद्यालय, यूएसए), प्रो एमके तिवारी, (निदेशक, एनआइटीई) और कई अन्य विषय विशेषज्ञ जुड़े हैं।

Hindustan, 17.03.2021, Pg. 06.